# गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान
## कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा

जी0बी0पी0 / प्रशा0 / 2020 / 2014

दिनांकः 20 / 03 / 2020

## परिपत्र

कार्यालयी ज्ञापन संख्या 65013/12/2020-P-II दिनांक 19.03.2020, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार जो कि **नोवेल कोरोना वाइरस** से सम्बन्धित है के अनुपालन में समस्त ग्रुप– बी, सी अधिकारी / कर्मचारी (नियमित) (संलग्नक– 1- A), संविदा कर्मचारी (संलग्नक– 2. A) तथा अस्थायी दर्जा प्राप्त कर्मचारी (संलग्नक– 3- A) आगामी सप्ताह दिनांक 23.03.2020 से 27.03.2020 तक घरों पर ही रह कर कार्य करेंगे। इस दौरान ग्रुप– बी व सी अधिकारी / कर्मचारी, संविदा कर्मचारी व अस्थायी दर्जा प्राप्त कर्मचारी जैसा कि संलग्नक– 1, 2 व 3- B) में दर्शाया गया है, संस्थान में रहकर कार्य करेंगे। परिस्थितियों में परिवर्तन न होने पर उसके अगले सप्ताह यह ग्रुप घर पर रहकर कार्य करेगा।

उपरोक्त के क्रम में संस्थान परिसर व हॉस्टल में रह रहे शोधार्थी व अन्य परियोजना अधीन कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी शोधार्थी / परियोजना कार्मिक अपने घरों पर ही रह कर कार्य करेंगे। सभी कर्मचारी / शोधार्थी / परियोजना कर्मचारी जो घरों पर रह कर कार्य कर रहे हैं वे सुनिश्चित करें कि उनकी उपलब्धता फोन / व्हॉट्स ऐप व ई–मेल (जहाँ संभव है) पर बनी रहे, आवश्यकता पड़ने पर इन सभी को संस्थान में बुलाया जा सकता है।

घर पर रह कर कार्य कर रहे लोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि वह भीड़–भाड़ वाले व सार्वजनिक स्थानों से दूर रहें।

उपरोक्त सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त जारी किया जा रहा है।

20/3/2020

प्रशासनिक अधिकारी

सूचनार्थः

1. उपरोक्त के परिचालन हेतु
2. आशुलिपिक निदेशक महोदय।
3. सूचना पट्ट

गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान
G.B. Pant National Institute of Himalayan Environment
कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा – 263 643, उत्तराखण्ड, भारत
Kosi-Katarmal, Almora 263 643, Uttarakhand, India

जीबीपीआई / प्रशा / 2020 / 2016

दिनांकः 23.03.2020

## कार्यालय परिपत्र

नोवल कोरोना वाइरस (Covid-19) के खतरों को देखते हुए कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार कार्यालय ज्ञापन संख्या DoPT O.M. No- 11013/9/2014-Estt. A.III दिनांक 22.03.2020 के क्रम में संस्थान द्वारा रोस्टर तैयार किया गया है ताकि कम से कम स्टाफ के साथ कार्यालय की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाया जा सके। (संलग्नक–1) अन्य सभी संस्थान वैज्ञानिक / तकनीशियन व सपोर्ट स्टाफ अपने निवास से कार्य करेंगे।

उपरोक्त के अतिरिक्त संस्थान के चारों केन्द्राध्यक्ष अपनी प्रयोगशालाओं / परियोजना के अत्यन्त आवश्यक कार्यों के संचालन हेतु अपने कर्मियों / अस्थाई कर्मियों का रोस्टर तैयार करेंगे।

सभी शोधार्थी व विभिन्न परियोजनाओं / कार्यक्रमों के तहत कार्यरत सभी अस्थाई कर्मियों को तत्काल प्रभाव से 31 मार्च, 2020 तक अपने–अपने निवास / हॉस्टल से ही कार्य करना होगा। सभी प्रयोगशालायें व परीक्षण क्षेत्रों में इनका प्रवेश (विशेष परिस्थितियों को छोड़, जिसमें संबंधित केन्द्राध्यक्ष से अनुमति ली जानी आवश्यक है) निषिद्व रहेगा।

आवश्यक सेवाओं (जैसे कि पानी, बिजली, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सफाई इत्यादि) से जुड़े अस्थाई / अनुबंधित कर्मियों / दैनिक भोगियों / अस्थाई दर्जा प्राप्त कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी अनुबंधित / दैनिक वेतन भोगियों / अस्थाई दर्जा प्राप्त कर्मियों के लिए संस्थान 23.03.2020 से 31.03.2020 तक बन्द रहेगा। विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार इन्हें संस्थान में बुलाया जा सकता है।

संस्थान परिसर में किसी भी बाह्य व्यक्ति का प्रवेश तत्काल प्रभाव से बन्द रहेगा। संस्थान में रह रहे सभी परिवारों को भी अपने परिवारजनों, मित्रों को बाहर से परिसर में न बुलाने हेतु निवेदित किया जाता है। संस्थान मेन गेट पर सुरक्षाकर्मी इस पर तत्काल कड़ाई से पालन करेंगे।

हॉस्टल में रह रहे सभी शोधार्थियों का परिसर से बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षाकर्मी इस आदेश का कड़ाई से पालन करेंगे। हॉस्टल वार्डन निरन्तर हॉस्टल पर निगरानी रखेंगे व आवश्यक चीजों की आपूर्ति हेतु 2 शोधार्थियों को 3–3 दिन के अन्तराल में संस्थान के वाहन से अल्मोड़ा / कोसी भेजेंगे।

परिसर में रह रहे परिवारों को भी विशेष परिस्थितियों को छोड़कर परिसर से बाहर आवाजाही करने से बचने की सलाह दी जाती है । आवश्यक सामग्री की आपूर्ति हेतु संस्थान का एक वाहन प्रतिदिन अल्मोड़ा / कोसी जायेगा। अतः सभी परिसर वासियों से निवेदन है कि अपने आवश्यकताओं की सूची बनाकर निर्धारित वाहन / चालक से सामग्री मंगवा सकते है। वाहन शॉपिंग सेंटर से दिनांक 24.03.2020 से प्रातः 10:30 बजे अल्मोड़ा / कोसी को प्रस्थान करेगा।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त जारी किया जाता है।

23/3/2020
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि–

1. समस्त केन्द्राध्यक्ष।
2. समस्त वैज्ञानिक, अधिकारियों, तकनीशियनों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, टी0एस0, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तथा सुरक्षा कार्मिकों को परिचालन हेतु।
3. प्रशासनिक अधिकारी।
4. वित्त अधिकारी
5. हॉस्टल वार्डन।
6. प्रभारी, मैन्टेनेन्स।
7. सुरक्षा सुपरवाईजर।
8. आशुलिपिक, निदेशक महोदय।

गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान

कोसी.–कटारमल, अल्मोड़ा

जी.बी,पी,आई / प्रशा / 2020 / 2019

दिनांक 27.03.2020

## कार्यालय परिपत्र

नोबल कोरोना वाइरस ( Covid-19) के खतरों को देखते हुए कार्मिक लोक शिकायत और पेशन मंत्रालय, भारत संरकार कार्यालय ज्ञापन Dopt. No. 11013/9/2014-Estt. A.III दिनांक 23.03.2020 तथा कार्यालय परिपत्र स0 जी.बी.पी.आई / प्रशा / 2020 / 2016 के कम में संस्थान द्वारा निम्न रोस्टर तैयार किया गया है ताकि कम से कम स्टाफ के साथ कार्यालय की अति आवश्यकीय गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाया जा सकें । यह रोस्टर दिनांक **30.03.2020** से लागु होगा । अन्य सभी संस्थान वैज्ञानिक / तकनीशियन व सपोर्ट स्टाफ अपने निवास से कार्य करेगें ।

1. डॉ0 आर0एस0 रावल, निदेशक
2. डॉ जी0सी0एस0 नेगी, प्रभारी आई0आर0पी
3. डॉ0 आई0डी0 भटट, वै0एफ, डी0डी0ओ0 तथा वाहन प्रभारी ((दिनांक 30.03.2020 तथा 31.03.2020 हेतु)
4. श्री सूर्यकान्त, वित्त अधिकारी
5. श्रीमती ममता हिगिंस, कार्यालय अधीक्षक (दिनांक 30.03.2020 तथा 31.03.2020 हेतु)
6. श्री जगदीश कुमार, आशुलिपिक निदेशक महोदय
7. श्री नितिश मठपाल, एल0डी0सी0 ( दिनांक 30.03.2020 तथा 31.03.2020 हेतु)
8. श्रीमती गंगा जोशी, समूह ग

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त जारी किया जाता है ।

ममता 27/3/2020

कृते प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपी:

1. समस्त केन्द्राध्यक्ष ।
2. समस्त वैज्ञानिक, अधिकारियों, कर्मचारियों के सूचनार्थ
3. प्रशासनिक अधिकारी ।
4. वित्त अधिकारी
5. आशुलिपिक निदेशक महोदय